प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 12.09.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1. अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना सिविल लाईन्सः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध शस्त्रो निर्माण/तस्करी, अवैध शस्त्र धारको पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधीयो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 11.09.2024 की रात्रि में उ0नि0 अरूण वर्मा थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त मौ0 अदनान पुत्र हामिद अली निवासी चक्कर की मिलक थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद को अवैध एक तमंचा व 02 कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना सिविल लाईन्स पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 793/2024 धारा- 9(1)क(1)/25(2) आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

अपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0- 413/2024 धारा 309(4)/317(2)/317(4)/317(5) बीएनएस व धारा 35(1)(2)/106 बीएनएसएस थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

2. नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का 01 आरोपी गिरफ्तार थाना बिलारीः-

अवगत कराना है कि दिनांक 25.06.2024 को वादिनी निवासी थाना बिलारी क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में थाना बिलारी पर तहरीर दी,तहरीर के आधार पर थाना बिलारी पर मु0अ0सं0- 377/2024 धारा- 363/366 भादवि पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांक 14.8.2024 को लड़की को सकुशल बरामद किया गया है तथा दिनांक 11.09.2024 की रात्रि में उ0नि0 अमित सिंह तोमर थाना बिलारी द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त करन पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम बीरमपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। तथा साक्ष्यों/बयानो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-376 आईपीसी व 3/4 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3. मारपीट करने का 01 आरोपी गिरफ्तार थाना भोजपुरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 30.08.2024 को वादिनी निवासी थाना भोजपुर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादिनी के भाई के साथ एक राय होकर मारपीट कर बेहोश कर देने के संबंध मे तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0- 362/2024 धारा- 191(2)/115(2)/110 बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 12-09-2024 को उ0नि0 श्री महेश चन्द्र थाना भोजपुर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त खुर्शीद पुत्र अब्दुल रशीद निवासी पीपलसाना थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

4. थाना कटघर पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने के 03 आरोपी को किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध / अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व कानून/शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 12.09.2024 को उ0नि0 प्रबोध कुमार व शहजाद अली द्वारा मय हमराही पुलिस बल के शान्ति भंग कर रहे आरोपी 1.कपिल कुमार पुत्र नेतराम सिंह निवासी चकबेगमपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद, 2.अंकित पुत्र छत्रपाल निवासी सहसपुर थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद 3.अनिकेत सैनी पुत्र रामकिशोर सैनी निवासी भदौरा थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।